## रिम्स ओपीडी

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- मेडिसिनः डॉ संजय कुमार सिंह
- ऑर्थोपेडिकः डॉ जीके गुप्ता
- कार्डियोलॉजीः डॉ पीजी सरकार
- टीबी एवं चेस्टः डॉ ब्रजेश मिश्रा
- नेत्रः डॉ सुनील कुमार
- ऑब्स गायनीः डॉ किरण त्रिवेदी
- ईएनटीः डॉ आरके चौधरी
- सीटीवीएसः डॉ विनीत महाजन
- नेफ्रोलॉजीः डॉ प्रज्ञा घोष पंत
- सायकेट्रीः डॉ अजय बाखला
- न्यूरोलॉजीः डॉ सुरेंद्र कुमार-डॉ रूपेश प्रसाद

## सदर अस्पताल

- मेडिसिनः डॉ बीएन पोद्दार, डॉ लक्ष्मीकांता सोय
- ऑब्स एंड गायनीः डॉ रश्मि प्रसाद, डॉ रानी सिंह
- पीडियाट्रिक(शिशु रोग): डॉ दयानंद
- हेमाटोलॉजीःडॉ अभिषेक रंजन
- यूरोलॉजीः डॉ शैलेंद्र शुक्ला

## शहर में आज

1. काव्य गोष्ठी - प्रेस क्लब - शाम 5:30 बजे
2. श्री सनातन महापंचायत की बैठक - प्रेस क्लब - 1 बजे
3. उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी में दीक्षांत समारोह - 12 बजे

**सूचनाः** शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### दर्शन गंझू झारखंड पार्टी में शामिल हुए



**रांची।** शहर के बैंक्वेट हॉल में झारखंड पार्टी के मिलन समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में पार्टी प्रमुख एनोस एक्का एवं वरीय पदाधिकारी के समक्ष भोक्ता समाज के अग्रणी नेता दर्शन गंझू ने अपने कई समर्थकों के साथ झारखंड पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. उन्हें एनोस एक्का ने पार्टी के अंदर माला पहनकर स्वागत किया. झारखंड पार्टी हाल के दिनों में जल, जंगल और जमीन जैसे विषयों को लेकर काफी मुखर रही है. इन्हीं विषयों से प्रभावित होकर लोग झारखंड पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं. झारखंड पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में कई सीटों पर अपना उम्मीदवार उतार सकती है. दर्शन गंझू चतरा लोकसभा से चुनाव लड़ सकते हैं

### आदिवासी नेता शिवनाथ तिग्गा निधन

**रांची।** आदिवासी नेता शिवनाथ तिग्गा का गुरुवार अहले सुबह निधन हो गया. यह जानकारी जनजाति सुरक्षा मंच के सोमा उरांव ने दी. उन्होंने बताया कि शिवनाथ तिग्गा डिलिस्टिंग की मांग को लेकर लोगों के बीच जागरूकता अभियान चला रहे थे. रांची में हुए कई आंदोलन में सक्रिय रूप से शामिल रहते थे. उनके निधन से जनजाति सुरक्षा मंच के लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया. शोक सभा का आयोजन कर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी गयी, जिसमें क्षेत्रीय संयोजक संदीप उरांव, हिन्दुवा उरांव, प्रो. गावां तिग्गा, जयंती मुंडा, पिंकी खोया समेत अन्य मौजूद थे.



# बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद नहीं पहुंची ईडी ऑफिस, मांगा समय

## आज अंबा के भाई अंकित की बारी, पूछताछ के लिए होना है ईडी के जोनल ऑफिस में हाजिर

**सौरभ सिंह।रांची**

बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद को ईडी ने समन जारी कर गुरुवार को जोनल ऑफिस बुलाया था. लेकिन तय तिथि को तय समय पर ईडी ऑफिस नहीं पहुंचीं. जानकारी के मुताबिक, अंबा प्रसाद ने ईडी से समय मांगा है. ईडी ने अंबा के भाई अंकित को भी समन जारी तक शुक्रवार पांच अप्रैल को हाजिर होने का निर्देश दिया है. इससे पहले तीन अप्रैल को ईडी ने अंबा के पिता और पूर्व मंत्री योगेंद्र साव से पूछताछ की थी. ईडी ने अंबा और उनके पारिवारिक सदस्यों के खिलाफ हजारीबाग के विभिन्न थानों में दर्ज प्राथमिकी को मिलाकर ईसीआईआर दर्ज की है. इसमें रंगदारी, लेवी वसूली, बालू का अवैध व्यापार सहित अन्य आरोप लगाये गये हैं. ईसीआईआर दर्ज करने के बाद ईडी ने 12 मार्च को अंबा प्रसाद, योगेंद्र साव सहित उनके रिश्तेदारों और करीबियों के 20 ठिकानों पर छापा मारा था. छापेमारी के दौरान विधायक व उनके पारिवारिक सदस्यों की मोबाइल और अन्य डिजिटल डिवाइस जब्त की गयी थी. ईडी ने इस मामले में आगे की जांच और पूछताछ के लिए योगेंद्र साव, अंबा प्रसाद और अंकित राज को समन भेज कर हाजिर होने का निर्देश दिया था.

**खास बातें**

- ईडी ने अंबा प्रसाद के खिलाफ दर्ज की है ईसीआईआर
- अंबा व उनके रिश्तेदारों के 20 ठिकानों पर पड़ा था छापा



### ईडी ने पूर्व मंत्री योगेंद्र साव से आमदनी के स्रोतों की जानकारी मांगी थी

ईडी ने बुधवार को पूर्व मंत्री योगेंद्र साव से पूछताछ की थी. साथ ही उनकी उपस्थिति में उनके डिजिटल डिवाइस से डेटा निकाला. पूछताछ के क्रम में योगेंद्र साव से उनकी आमदनी के स्रोतों के बारे में भी जानकारी ली गयी. इसके बाद छापेमारी के दायरे में शामिल की गयी कंपनियों की व्यापारिक गतिविधियों और कंपनियों की आमदनी से संबंधित सवाल पूछे गये. कंपनियों के कामकाज से जुड़े सवालों के सिलसिले में योगेंद्र साव के जवाब विरोधाभासी पाये गये हैं.

### दारोगा मीरा सिंह फिर पहुंचीं ईडी ऑफिस, जब्त दस्तावेज के बारे में पूछताछ

दरोगा मीरा सिंह गुरुवार को दुबारो ईडी ऑफिस पहुंचीं. इससे पहले मीरा सिंह दो अप्रैल को ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में पेश हुई थी. ईडी ने उनकी उपस्थिति में उनके डिजिटल डिवाइस से डाटा निकाला था. डाटा निकालने का काम पूरा नहीं होने की वजह से मीरा सिंह को फिर से पूछताछ के लिए हाजिर होने का निर्देश दिया गया था. पूछताछ के लिए ही वे फिर से ईडी के समक्ष उपस्थित हुईं. बता दें कि ईडी ने 21 मार्च को तत्कालीन तुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा सिंह और उनके करीबी मोहित नाथ शाहदेव के ठिकानों पर छापेमारी कर कई दस्तावेज जब्त किये थे, जिसके बारे में पूछताछ की जा रही है.

## नगर प्रशासक ने समर एक्शन प्लान को लेकर बैठक की

# निगम के पास 75 मोबाइल टैंकर पांच जलस्रोतों से की जाएगी जलापूर्ति

**संवाददाता।रांची**

गर्मी को देखते हुए शहर के लोगों को जल संकट से निजात दिलाने के लिए रांची नगर निगम ने तैयारियां शुरू कर दी हैं. इस कड़ी में निगम ने समर एक्शन प्लान भी तैयार किया है. गुरुवार को प्रशासक अमित कुमार की अध्यक्षता में समर एक्शन प्लान से संबंधित कार्यों की समीक्षा एवं विभिन्न विभागों के साथ समन्वय बैठक निगम कार्यालय में की गई. बैठक में प्रशासक द्वारा कहा गया कि शहर में गर्मी ने दस्तक दे दी है, इसलिए जलापूर्ति से संबंधित सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए प्रो एक्टिव मूड में काम करने की जरूरत है. बैठक में मुख्य रूप से गर्मी में सभी क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजलापूर्ति के लिए चल रही तैयारियों, समस्याओं और उसके समाधान पर भी चर्चा की गई.

प्रशासक ने निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में पेयजल की स्थिति की जानकारी के लिए विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया. बैठक में बताया गया कि निगम के पास वर्तमान में 75 मोबाइल टैंकर तैयार हैं और आदेशानुसार अब तक मोबाइल टैंकरों में पानी भरने के लिए निगम क्षेत्र के पांच जल स्रोतों की पहचान की गई है, जिससे कम समय में आम लोगों को पेयजल पहुंचाया जा सके. प्रशासक ने और भी टैंकर फिलिंग प्वाइंट्स चिह्नित करने का निर्देश दिया है. प्रशासक ने पूर्व की भांति उन मुहल्लों को चिह्नित करने का निर्देश दिया, जो ड्राई जोन की श्रेणी में आते हैं, ताकि तैयार कियेजा रहे मोबाइल टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति के रोस्टर में इन्हें प्राथमिकता दी जा सके.



### 130 वाटर बॉटलिंग प्लांट को नोटिस दिया

प्रशासक ने जलापूर्ति निगरानी समिति द्वारा की जा रही कार्रवाई पर कई सवाल पूछे. उप प्रशासक ने बताया गया कि अब तक बिना एनओसी के संचालित कुल 130 जार वाटर बॉटलिंग प्लांट को नोटिस दिया जा चुका है और अवैध रूप से वाटर कनेक्शन लेनेवाले उपभोगताओं को चिह्नित करने, उनके कनेक्शन को रेगुलराइज करने के साथ ही साथ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है.

### पेयजल की दिक्कत हो, तो नियंत्रण कक्ष को दें सूचना

रांची नगर निगम व पेयजल विभाग द्वारा पेयजल से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए नियंत्रण कक्ष खोला गया है. पेयजल से संबंधित शिकायतें नियंत्रण कक्ष के फोन नं- 06512200025 और 9431104429 व मेल support‹bha›@‹/bha›ranchimunicipal.com पर दी जा सकती हैं. पाइपलाइन लीकेज, गंदे पानी की आपूर्ति, अनधिकृत वाटर कनेक्शन, अनधिकृत रूप से भूगर्भ जल का दोहन से संबंधित मामलों की शिकायतें आने पर उसे प्राथमिकता के साथ निष्पादित किया जा रहा है.

### लंबित शिकायतें शीघ्र दूर करने का प्रशासक का निर्देश

प्रशासक ने सभी लंबित शिकायतों का निष्पादन ससमय सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित टीम को दिया है. इसके अलावा बैठक में शहरी क्षेत्र के अंतर्गत सभी वाटर बॉडी में जलकुंभी की सफाई और गाद निकालने के काम में तेजी लाने का निर्देश पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के अभियंताओं को दिया गया है.

### हर हाल में तय समय पर जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए

जिन क्षेत्रों में पानी सप्लाई नहीं हो रही है, उसका संबंधित टीम के साथ भ्रमण करते हुए जलापूर्ति बहाल की जाए. गर्मी में सभी क्षेत्रों में जलापूर्ति तय समय पर करना सुनिश्चित करें. प्रशासक ने सभी सम्मानित नागरिकों से पानी की बर्बादी रोकने और अपने व अपने परिवार के सदस्यों को पानी की बचत के प्रति जागरूक करने की अपील की. बैठक में उप प्रशासक मो अनवर हुसैन, कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अभियंता, जुडको के प्रतिनिधि, पीएचईडी के प्रतिनिधि, निगम के अभियांत, नगर प्रबंधक सहित नगर निमग वाटर बोर्ड के कर्मी उपस्थित थे.

# भाजपा ऑफिस पूरी तरह गुलजार झामुमो दफ्तर में पसरा था सन्नाटा

**सत्य शरण मिश्रा।रांची**

झारखंड के सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने लोकसभा चुनाव की तैयारी में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है. पार्टी के नेता और कार्यकर्ता संगठन से मिले टास्क को लेकर गांव-कस्बे में पहुंच रहे हैं. पार्टी दफ्तरों में वॉर रूम और सोशल मीडिया सेल एक्टिव हो गया है. पार्टी ऑफिस नेताओं और कार्यकर्ताओं से गुलजार है. झारखंड की विपक्षी पार्टी भाजपा का प्रदेश कार्यालय वॉर रूम में बदल चुका है. पार्टी के सभी विभाग, मोर्चा और प्रकोष्ठ के नेता एक्टिव हैं, लेकिन सत्ताधारी दल झामुमो का कैंप कार्यालय चुनावी मौसम में भी वीरान पड़ा था. दोपहर 12:15 बजे पार्टी के दफ्तर में एक भी नेता और कार्यकर्ता नजर नहीं आये.

### दिन : गुरुवार, समय : दोपहर 12.15 बजे, स्थानः झामुमो कार्यालय



रांची के हरमू रोड स्थित झामुमो के कैंप कार्यालय में सन्नाटा पसरा हुआ था. कार्यालय खुला था, लेकिन वहां कोई नेता या कार्यकर्ता नजर नहीं आया. झामुमो के सभी बड़े नेता अपने-अपने क्षेत्र में हैं. रांची में प्रदेश स्तर के दर्जनों पदाधिकारी हैं, लेकिन उस वक्त दफ्तर में कोई नहीं पहुंचा था. पार्टी कार्यालय चुनाव सामग्रियों से पटा हुआ था. पार्टी के बैनर, पोस्टर और झंडे कई बोरों में भरकर रखे हुए थे. यहीं से सभी लोकसभा क्षेत्रों में पार्टी के झंडे और बैनर भेजे जाएंगे. लेकिन ऑफिस में यह भी बतानेवाला कोई नहीं था कि पार्टी के पदाधिकारी आयेंगे भी या नहीं. आयेंगे भी तो आखिर कब तक आयेंगे.

### दिन : गुरुवार, समयः दोपहर 12.21 बजे, स्थान : भाजपा कार्यालय



राजधानी के हरमू रोड स्थित भाजपा का प्रदेश मुख्यालय गुरुवार दोपहर 12:21 बजे पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं से गुलजार था. प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, कोषाध्यक्ष दीपक बंका, मंत्री सरोज सिंह समेत कई नेता पहुंचे हुए थे. लोकसभा चुनाव को लेकर व्यवस्था संबंधी टोली की बैठक शुरू हुई और पार्टी के नेता और पदाधिकारी बैठक में पहुंचे. एक बजे तक पार्टी के कई पदाधिकारी कार्यालय पहुंचे और अपने काम में लग गये. भाजपा ने चुनाव कार्यों को लेकर अच्छा मैनेजमेंट कर रखा है. प्रचार के लिए हेलिकॉप्टर, घोषणा पत्र. आरोप पत्र समेत कई तरह के कार्यों के लिए अलग से विंग तैयार कर लिया है. यहीं से सारी गतिविधियां ऑपरेट हो रही हैं.

# आजसू छात्र संघ विवि के कुलपति का घेराव किया



**संवाददाता।रांची**

आजसू छात्र संघ ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति के चैंबर के सामने विरोध प्रदर्शन किया. प्रदर्शन का नेतृत्व आजसू छात्र संघ के रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक ने किया. संघ 2023 में हुई पीएचडी प्रवेश परीक्षा को रद्द करने की मांग कर रहा है. इसके अलावे स्नातक सेमेस्टर 1 की परीक्षा के साथ स्नातक सत्र 2017-20 और 2018-21 के छात्रों को जेनरिक पेपर की परीक्षा में शामिल होने देने की मांग भी संघ ने की है. प्रदर्शन के वक्त रांची विश्वविद्यालय के कुलपति विश्वविद्यालय मुख्यालय में नहीं थे. कुछ देर के बाद विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर डॉ. एमसी मेहता ने छात्रों को समझा बुझा कर आंदोलन समाप्त कराया.अभिषेक शुक्ला ने कहा कि पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2023 में न तो विश्वविद्यालय ने छात्र-छात्राओं को आपत्ति दर्ज कराने का मौका दिया गया और ना उन्हें ओएमआर शीट की प्रति ही दी गई. अभ्यर्थियों को प्रश्न पत्र भी नहीं दिखाया गया. मौके पर विपिन कुमार यादव, विशाल कुमार यादव, विक्रम यादव, डालमेनी यादव, आकाश नयन, राहुल कुमार,मनजीत , प्रियांशु शर्मा, अभिषेक साहू, निष्ठा अंशु, गुंजा कमर, विशाल कुमार गुप्ता ,अनमोल नैतिक व अन्य शामिल रहे.

### समान काम का समान वेतन लागू नहीं, तो की जाएगी कार्रवाई : हाईकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में होमगार्ड के जवानों को समान काम के बदले समान वेतन देने के संबंध में अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान होमगार्ड डीजी अनिल पालटा अदालत में उपस्थित रहे. उन्होंने अदालत को बताया कि झारखंड सरकार द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में रिव्यू याचिका दायर की जा रही है. इसके बाद कोर्ट ने मौखिक कहा कि अगर 18 जून तक समान कार्य का समान वेतन लागू नहीं करते हैं, तो कोर्ट अवमानना की कार्रवाई शुरू करेगा. हाईकोर्ट ने स्पष्ट कहा कि या तो आप 18 जून तक सर्वोच्च न्यायालय से स्टे लेकर आ जाएं या होमगार्ड जवानों को समान काम का समान वेतन देने का आदेश लेकर आएं. अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 18 जून की तिथि निर्धारित की है. यह जानकारी सुनवाई के दौरान कोर्ट में मौजूद झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने दी.

- अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 18 जून की तिथि निर्धारित की है.

# महिलाओं का अपमान करना कांग्रेस नेताओं का फैशन : राफिया नाज

**संवाददाता ।रांची**

कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला द्वारा सांसद हेमा मालिनी पर दिये गये आपत्तिजनक बयान को लेकर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है. भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने भाजपा प्रदेश मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि देश की महिलाओं का अपमान करना कांग्रेस के डीएनए में है. इससे पहले भी सुरजेवाला ने भाजपा को वोट देने वाली जनता को राक्षसी प्रवृत्ति का बताया था. वहीं 25 मार्च को कांग्रेस की सोशल मीडिया हेड और प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भी भाजपा प्रत्याशी और अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ टिप्पणी करते हुए बाजारू बताया था. नाज ने कहा कि कांग्रेस के इतिहास में ऐसी कई घटनाएं है, जिससे महिलाओं के मान और स्वाभिमान को धक्का लगा है.

नाज ने कहा कि एक महिला पत्रकार ने अपनी आर्टिकल में लिखा कि कांग्रेस के एक पूर्व केंद्रीय मंत्री उनके साथ अश्लील हरकत करते थे. वहीं राहुल गांधी ने बडोदरा में महिलाओं से पूछा था कि क्या संघ की शाखाओं में महिलाएं छोटे कपड़े (शॉर्ट्स) पहने दिखती हैं. कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी की भी एक सेक्स सीडी मार्केट में आई थी, जिसमें वे एक महिला वकील को जज बनवाने का लालच देते हैं. अशोक गहलोत के सबसे करीबी शांति धारीवाल ने भरी विधानसभा में कहा था कि राजस्थान मर्दों का प्रदेश है. मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने विधानसभा चुनाव के दौरान महिलाओं को सजावट का सामान कहा था. मानुषी छिल्लर के मिस वर्ल्ड बनने पर कांग्रेस नेता शशि थरूर ने उन्हें चिल्लर कह कर मजाक उड़ाया था.

कांग्रेस नेताओं के इस तरह के बयानों की श्रृंखला काफी लंबी है. राफिया नाज ने कहा कि रांची में एनएसयूआई के नेशनल कॉर्डिनेटर अमरजीत नाबालिग बच्चियों से जबरन देह व्यापार करा रहे हैं. राज्य की पुलिस ठीक से जांच करे. कांग्रेस के बड़े-बड़े नेता इस गिरोह में शामिल हो सकते हैं. अमरजीत के पकड़े जाने पर बड़े-बड़े कांग्रेस नेता उसको छुड़ाने के लिए पैरवी कर रहे थे.



**खास बातें**

- कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं का अपमान ही किया है
- सेक्स रैकेट में कांग्रेस के भी कई नेता शामिल हो सकते हैं

### लोकसभा चुनाव लड़ेंगे छात्र संघ के संगम उरांव



**रांची** । जेएनयू के पूर्व छात्र एवं आदिवासी छात्र संघ के केंद्रीय अध्यक्ष संगम उरांव रांची लोकसभा चुनाव में भारत आदिवासी पार्टी से अपनी किस्मत आजमाएंगे. उन्होंने बताया कि आज भी गांवों में सड़क, नाली, बिजली, पानी जैसी बुनियादी समस्याएं हैं, जिन पर आज तक किसी ने कोई काम नहीं किया है. उन्होंने चुनाव मैदान में उतरने का फैसला इसलिए किया है, ताकि लोगों की समस्याएं दूर की जा सकें. उन्होंने बताया कि 2011 कि जनगणना के अनुसार रांची सीट पर एससी मतदाताओं की संख्या लगभग एक लाख आठ हजार चार सौ है.

**AFFIDAVIT**

I, **Disha Sharma** wife of **Sri Akash Sharma**, Resident of Sharma Lane, Main Road, Opp. G.E.L. Church VTC Ranchi G.P.O. & PO Ranchi Sub District Ranchi, District Ranchi, Jharkhand 834001, do hereby solemnly affirm and declare on oath as follows:-

1. That I am Indian citizen by birth and resident of above said mentioned address.
2. That correct and actual Date of Birth is 31.12.1995.
3. That my earlier name was Disha Mewara D/o Dinesh Mewara, and my address was 43, Bansidhar Adukiya, Near Brahman Dharmsala, Upper Bazar, PO Ranchi, G.P.O., P.S. Kotwali, Dist. Ranchi, Jharkhand.
4. That after my marriage my title has been changed and my name is Disha Sharma.
5. That my marriage date is 17.01.2024.
6. That from today I will be known as **Disha Sharma** in place of **Disha Mewara** every where for all purpose.

**Affidavite No.-21/01.04.2024**

**समीक्षा** — जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने लोकसभा चुनाव को लेकर कई निर्देश दिए

# ईवीएम की सुरक्षा सर्वोपरि, विशेष ध्यान देने की जरूरत

**संवाददाता।रांची**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी राहुल कुमार सिन्हा एवं एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने गुरुवार को चान्हो प्रखंड कार्यालय सभागार में लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों की समीक्षा बैठक की. इस दौरान सभी संबंधित सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी एवं निर्वाचन से संबंधित सभी पदाधिकारी, कर्मियों को चुनाव से संबंधित कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये. बैठक में अनुभाजन पदाधिकारी रांची मोनी कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी चान्हो अशोक कुमार, अंचल अधिकारी चान्हो संजीव कुमार, थाना प्रभारी चान्हो एवं सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे.



डीसी ने संबंधित सभी पदाधिकारियों को जानकारी देते हुए कहा कि चान्हो प्रखंड के अंतर्गत आने वाले सभी मतदान केंद्र 66-मांडर (अजजा) विधानसभा क्षेत्र 12-लोहरदगा (अजजा) लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है. जहां पर 13 मई को मतदान होना है. उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को सारी तैयारी ससमय पूरा करने का निर्देश दिया. 66-मांडर (अजजा) विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ही चान्हो प्रखंड के सभी 97 मतदान केंद्र आते हैं. इन मतदान केंद्र के लिए कुल-71 भवन चिन्हित है. इसके लिए 15 सेक्टर बनाये गये हैं और इस सभी सेक्टरों पर सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी की नियुक्ति कर दी गई है. डीसी ने सभी सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी एवं सभी कर्मियों को यह अवगत कराया कि मतदान के लिए ईवीएम, मतदान सामग्री, वाहन इत्यादि 12 मई की सुबह 7 बजे से रांची के मोरहाबादी मैदान में उपलब्ध कराया जाएगा. सभी मतदान सामग्रियों की प्राप्ति उपरांत ईवीएम को पूर्ण सुरक्षा में रूट चार्ट के अनुसार संबंधित मतदान केन्द्रों तक पहुंचाने की पूरी जिम्मेवारी सेक्टर

### मतदान के प्रति मतदाताओं को करें जागरूक : डीसी

डीसी ने प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा विभाग), आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका को निर्देश देते हुए कहा गया कि मतदान में भाग लेने के लिए अधिक से अधिक मतदाताओं को प्रेरित करें. स्कूली बच्चों के माध्यम ये भी मतदाताओं को जागरूक करें. डीसी ने आदिम जनजाति (बिरहोर) के मतदाताओं को बीएलओ के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करने का निर्देश दिया. डीसी ने सभी सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी एवं उपस्थित अन्य सभी

# जेल से निकलने के बाद मुड़मा पहुंचे देव कुमार धान

**संवाददाता।रांची**



पूर्व मंत्री देवकुमार धान को गुरुवार को जेल से रिहा कर दिया गया. जेल से निकलने के बाद रातू के मखमंदरो बाजारटांड़ से मुड़मा चौक तक लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया. इसके बाद श्री धान मुड़मा पहुंचे, वहीं शक्ति खूंटा की पूजा-अर्चना की. इस दौरान सरना प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया. शहीद वीर बुधु भगत की जन्मस्थली सिलागाई बचाओ जुलूस निकाला गया. शहीद सावना उरांव और शहीद बुधु भगत की मूर्ति पर श्री धान ने माल्यार्पण किया. इस अवसर पर वहां उपस्थित जनसमूह ने कहा कि सिलागाई का अस्तित्व मिटाने वालों का आने वाले दिनों में स्वतः अस्तित्व मिट जाएगा. सिलागाई की 52.5 एकड़ जमीन को वीर बुधु भगत के स्मारक स्थल बनाने की मांग की गई. मौके पर नारायण उरांव, बुधवा उरांव, महतो भगत, मन्ना खेस, विश्राम कुजूर, जतरू उरांव, मघी उरांव, अमित उरांव, सोमा उरांव, जितिया उरांव, नितेश उरांव, राम उरांव, सिलागाई के पूर्व मुखिया बुधराम उरांव समेत अन्य शामिल थे.

तापमान
38.2° अधिकतम | 21.4° न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | शुक्रवार 05 अप्रैल 2024 ● चैत्र कृष्ण पक्ष 11 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 346 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




अमन साहू गिरोह के दो अपराधियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिसिया पूछताछ में **बड़ा खुलासा**

# लेवी देने से आनाकानी करने पर सड़क निर्माण कंपनी के कर्मी की हत्या की थी योजना

**विनीत/सौरभ। रांची**

अमन साहू गिरोह के दो अपराधियों की बीते दिन ओरमांझी इलाके से गिरफ्तारी के बाद पुलिसिया पूछताछ में दोनों ने बड़ा खुलासा किया है. दरअसल, 50 लाख रुपये की लेवी देने में आनाकानी करने पर भारत माला सड़क निर्माण कंपनी के कर्मी की हत्या की योजना थे. इस मामले में एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर रांची पुलिस ने गुप्त सूचना पर अमन साहू गिरोह के दो अपराधियों को दबोचने में सफलता पायी. गिरफ्तार अपराधियों में पतरातू थाना क्षेत्र स्थित साकुल गांव का रहने वाला प्रमोद सिंह और अमजद शामिल है. प्रमोद सिंह ने पुलिस को बताया है कि मेरे ही गांव का चंदन साव रांची जेल में बंद है. उसने 92349**94 से मेरे मोबाइल 83403707** पर व्हाट्सएप कॉल कर बोला कि मयंक सिंह उर्फ सुनील सिंह मीणा और पलामू जेल में बंद अमन साहू ने भारतमाला सड़क निर्माण कंपनी को व्हाट्सएप कॉल और मैसेज करके जान से मारने की धमकी देकर 50 लाख रुपये प्रोटेक्शन मनी की मांग की थी. लेवी देने में आनाकानी करने पर हत्या कर देने को कहा था.

प्रमोद ने बताया है कि अपनी गाड़ी में अमजद खान के साथ भारतमाला प्रोजेक्ट स्थल की ओर आ रहे थे. वहीं, दूसरी सफेद रंग के स्वीफ्ट कार में रामगढ़ जिला के पतरातू थाना क्षेत्र के जयनगर गांव निवासी राजा अंसारी, कुजू ओपी के कुजू ट्रांसपोर्ट नगर का राहुल दुबे और रांची के चुटिया थाना क्षेत्र के कृष्णापुरी पावर हाउस निवासी जगत साहू उर्फ लक्की सवार थे. जो पुलिस की गतिविधि की रेकी कर रहे थे.

### भारतमाला सड़क निर्माण कंपनी से लेनी थी 50 लाख की लेवी, मयंक सिंह और अमन साहू के निर्देश पर करने जा रहे थे वूसली



### कुख्यात के भाइयों ने उपलब्ध कराए थे हथियार

प्रमोद सिंह ने पुलिस के सामने खुलासा किया है कि लेवी के 50 लाख रुपये लाने के लिए चंदन साहू के बड़े भाई टिंकू साहू और अमन साहू के छोटे भाई आकाश साहू ने रिवाल्वर, गोली और मोबाइल देकर उसे और अमजद को भेजा था. टिंकू साहू ने उससे कहा था कि सभी रुपये लाकर मुझे देना है. बाद में वह और आकाश साहू आपस में बंटवारा कर लेंगे. यह भी आदेश दिया गया था कि यदि कंपनी के द्वारा 50 लाख देने में आनाकानी या बहानाबाजी करे, तो उसी समय कंपनी के पदाधिकारी व कर्मचारी को गोली मार देना है.

### गिरफ्तार प्रमोद सिंह ने कई घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकारी

- प्रमोद सिंह ने पुलिस को बताया कि पिछले कुछ दिनों से मयंक सिंह, अमन साहू (अभी पलामू जेल में बंद) और चंदन साहू (अभी बिरसा मुंडा जेल में बंद) के आदेश पर फरवरी के पहले सप्ताह में करंजाटोली के पास भारतमाला निर्माण स्थल पर वह, राजा अंसारी और जगत साहू उर्फ लक्की और एक अन्य ने दशहत फैलाने और रंगदारी वसूलने के लिए गोलीबारी की थी.
- मार्च के पहले सप्ताह में ग्राम खुदिया में भारतमाला प्रोजेक्ट निर्माण स्थल पर कंपनी के पदाधिकारियों और कर्मचारियों में दशहत फैलाने और डरा कर रंगदारी वसूलने के लिए मयंक सिंह, अमन साहू और चंदन साहू के निर्देश पर राजा अंसारी और जगत साहू उर्फ लक्की समेत दो अन्य लोगों के साथ मिल कर प्रमोद ने करीब 8-10 राउंड गोलीबारी की थी.
- फरवरी माह के तीसरे सप्ताह में रामगढ़ बासल थाने के बलकुदरा माइंस में दशहत फैलाने और रंगदारी वसूलने के लिए करीब पांच-छह राउंड गोलीबारी की थी. उसके दो दिनों के बाद सौदा पंचायत भवन के बगल में भी दशहत फैलाने और रंगदारी वसूलने के लिए कई राउंड गोली चलाई थी.
- प्रमोद सिंह ने पुलिस को बताया कि राजा अंसारी के द्वारा रामगढ़ के भुरकुंडा थाना प्रभारी के ऊपर सीसीएल अस्पताल के पास गोली चलाई थी. गोली चलाने के लिए टिंकू साव ने मेरे सामने ही राजा अंसारी को पिस्तौल दिया था.
- बोकारो जिला के जरीडीह थाना क्षेत्र में फरवरी माह के मध्य में फोरलेन हाईवे सड़क निर्माण करा रही एनजी कंपनी के ठेकेदार से अमन साहू और चंदन साहू के आदेश पर मयंक सिंह द्वारा 50 लाख रुपये रंगदारी मांगी गई थी. वहां से भी लेवी की रकम प्रमोद, राहुल दुबे और राजा अंसारी को ही लाना था.

### जंगी ऐप के जरिए बात कर बनाते थे योजना

प्रमोद ने पुलिस को बताया, जब भी उसे, आकाश साहू, राजा अंसारी, राहुल दुबे, जगत साहू उर्फ लक्की साहू, अमजद खान और टिंकू साव को आपस में बात या प्लान करना होता था, तो हमलोग जंगी ऐप का उपयोग करते थे. या फिर व्हाट्स ऐप या नहीं तो सामने से ही बात कर प्लान बनाते थे. कभी भी हमलोग साधारण कॉल के लिए मोबाइल का प्रयोग आपस में बात करने या किसी प्रकार की योजना बनाने के लिए नहीं करते थे. उसने यह भी बताया कि जंगी ऐप से बात करने पर किसी को नंबर नहीं जाता है और पकड़ाने का डर नहीं होता है.

## नशे के कारोबार पर रोक लगाए राज्य सरकार: हाईकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ हुई कार्रवाई की विस्तृत जानकारी मांगी है. अदालत ने अगले सप्ताह इस मामले में अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी शपथपत्र के माध्यम से देने का निर्देश दिया है. गुरुवार को स्वतः संज्ञान लिए मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि सरकार महिलाओं के खिलाफ हो रही हिंसा और नशे के कारोबार से जुड़े लोगों पर सख्त कार्रवाई करे. हाइकोर्ट अब इस मामले की अगली सुनवाई नौ अप्रैल को करेगा. सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सरकार को मौखिक रूप से निर्देश दिया कि झारखंड में ब्राउन शुगर, अफीम जैसे अवैध मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक लगनी चाहिए. इस पर सघन अभियान चलाने की जरूरत है, ताकि जड़ से ड्रग्स को नष्ट किया जा सके.

## ब्रीफ खबरें

### दुमका से नलिन व गिरिडीह से मथुरा झामुमो प्रत्याशी

रांची। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर झामुमो ने राज्य की दो लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम का एलान कर दिया है. इस कड़ी में दुमका दुमका लोकसभा सीट से नलिन सोरेन और गिरिडीह से मथुरा प्रसाद महतो को उम्मीदवार बनाया गया है. पार्टी ने कहा है कि अन्य लोकसभा क्षेत्रों के लिए प्रत्याशियों की सूची जल्द ही घोषित कर दी जाएगी. बता दें कि भाजपा ने दुमका लोकसभा सीट से सीता सोरेन को टिकट दिया है.

### सीए सुमन कुमार को मिली नियमित जमानत

**रांची/नयी दिल्ली।** मनी लॉन्ड्रिंग की आरोपी निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल और उनके पति अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है. सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एएस बोपन्ना और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की अदालत ने गुरुवार को सुमन को नियमित जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है. अदालत ने जमानत के लिए कुछ शर्तें भी लगायी हैं.

हजारीबाग में मना **झामुमो का 45वां स्थापना दिवस**

# हेमंत को बोका समझती थी भाजपाः कल्पना सोरेन

**संवाददाता। रांची/हजारीबाग**

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि सजा सिर्फ हेमंत जी को इसलिए मिली, क्योंकि वो अपने गरीब जनता के लिए काम करना चाहते थे. उनके सारे कार्यक्रम जनकल्याण के लिए होते थे. कोई भी वर्ग हो, हेमंत जी ने योजनाओं की लड़ी लगा दी है. कल्पना सोरेन गुरुवार को हजारीबाग में झामुमो के 45वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में बोल रही थीं. उन्होंने कहा कि ये जो केंद्र में तानाशाह लोग बैठे हैं, उनको कभी पसंद नहीं आता है कि कोई आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक, वंचित समाज का बेटा आगे आ रहा है. झारखंड के लिए काम करना चाहता है. इन लोगों को बर्दाश्त नहीं होता है. झारखंड मे सबसे ज्यादा भाजपा ने शासन किया है. आज जब एक आदिवासी मुख्यमंत्री बन गया और झारखंड की जनता के लिए काम करने लगा तो ये लोग सोचने लगे कि ये तो बोका है. इससे कुछ नहीं होगा. आदिवासी का बच्चा है, इसे क्या समझ में आएगा.

**केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला :** कल्पना सोरेन ने केंद्र पर जमकर निशाना साधा. कहा कि आपका बेटा, आपका दोस्त, आपके भाई आप जिस भी रिश्ते में उनको मानते हैं, उन्होंने आपलोगों से माफी मांगी है. माफी इसलिए, क्योंकि 2019 में जनादेश प्राप्त करने के बाद उनकी जो सोच थी झारखंड के लिए, उसके लिए वह जो करना चाहते हैं, वह नहीं कर पा रहे हैं. लेकिन आज मैं गर्व से कह सकती हूं कि जब कोरोना काल था, उस वक्त आपके अपना भाई हेमंत सोरेन ने ही दूसरे राज्यों से प्रवासी मजदूरों को हवाई जहाज से, ट्रेन से अपने राज्य बुलवाया. उस वक्त केंद्र के किसी मंत्री ने आगे बढ़कर काम नहीं किया. सबने कोरोना के समय खिड़की-दरवाजा बंद कर लिया कि कहीं कोरोना न हो जाए. लेकिन आपके अपने बेटे ने खुद की जान की परवाह नहीं करते हुए मजदूरों को बुलवाया.

### हेमंत को गरीबों को लिए काम करने की चाहत की मिली सजा





### केंद्र ने झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया


कल्पना ने कहा कि यही केंद्र सरकार है जब हेमंत सोरेन की सरकार बनी तो झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया गया. जहां गैर भाजपा शासित राज्य है वहां सारी योजनाएं लागू होती थी. पूर्व की भाजपा सरकार में सारे पैसे खत्म हो गए. कहां गया पैसा, अभी तक पता नहीं चला. ये लोग कहते हैं कि हमने पांच साल पूरा किया, लेकिन हम कहते हैं कि इस पांच साल में आपने क्या किया? कभी यहां के लोगों के बारे में सोचा? ये भाजपा वाले देश में सिर्फ एक ही नेता रहने देना चाहते हैं. भाजपा वाले देश में सिर्फ एक ही पार्टी चाहते हैं. देश में सिर्फ व्यापारियों को आगे बढाना चाहते हैं.

**अपने वोट का सही उपयोग करें** कल्पना ने कहा कि आप इस चुनाव में अपने वोटों का सही उपयोग कीजिए. क्योंकि, ये पांच साल में एक बार आता है. ये जो तानाशाह सरकार आपके सामने खड़ी है, अगर फिर सत्ता में फिर बीजेपी आएगी, तो ये लोग झारखंड को फिर पिछड़ा बना देंगे. इन लोगों को झारखंड से प्यार नहीं है. यहां के झारखंडियों से इनलोगों को नफरत है. इनको पसंद नहीं है कि झारखंड का कोई बच्चा बाहर जाकर पढ़े.

**सीएम नहीं जा पाए हजारीबाग,** कहा- बहुत जल्द आप सभी से मुलाकात होगी

# हर पल आपके साथ हूं : चंपाई

**रांची।** हजारीबाग में झामुमो के 45वें स्थापना दिवस पर सीएम चंपाई सोरेन शिरकत नहीं कर पाए. उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि कुछ अपरिहार्य कारणों से झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्थापना दिवस के इस महत्वपूर्ण मौके पर आपके साथ नहीं हूं, लेकिन वहां न होते हुए भी, हर पल आपके साथ हूं. झारखंड राज्य आंदोलन के समय से ही हजारीबाग झामुमो का एक प्रमुख गढ़ रहा है और आज उस दौर की कई खट्टी-मीठी बातें याद आ रही है. इस माटी और यहां के लोगों ने हमेशा ही हमारी पार्टी को सहयोग एवं समर्थन दिया है. आगे लिखा है कि चुनावों के इस दौर में, आप सभी से अनुरोध है कि हर घर तक हमारी सरकार की योजनाओं को पहुंचाएं, ताकि जनता भ्रमित ना हो.



### ट्विट के जरिए गिनाई उपलब्धियां

- पिछले चार वर्षों में हमारी सरकार ने झारखंड के आदिवासियों, मूलवासियों एवं आम लोगों के जीवन स्तर में बदलाव लाने का प्रयास किया है.
- **हमने हर जरूरतमंद परिवार को पेंशन, राशन, कपड़ा तथा अन्य योजनाओं का लाभ दिया है.**
- दो लाख से ज्यादा अबुआ आवास दिए गये हैं और 20 लाख परिवारों को आवास दिए जाने हैं.
- **शिक्षा के क्षेत्र में 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले गए हैं, जबकि सवा तीन सौ स्कूल बन रहे हैं. कई डिग्री कॉलेजों का निर्माण किया जा रहा है.**
- प्रदेश की बेटियों को सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा गया है.
- **छात्रवृत्ति की रकम बढ़ाई गई है तथा आज हमारे राज्य के छात्र विदेशों में पढ़ रहे हैं.**



## गया से कोलकाता जा रही बस से 1.09 करोड़ नकद बरामद

**संवाददाता। रांची**

**बड़ी कार्रवाई**

देशभर में चुनाव आयोग की आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है. इसका उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई भी जारी है. इसी कड़ी में बीती देर रात गिरिडीह पुलिस ने गया से कोलकाता जा रही महारानी बस से 1.09 करोड़ बरामद किए हैं. दरअसल, एसपी दीपक शर्मा को गुप्त सूचना मिली थी कि गया से कोलकाता जाने वाली महारानी बस में कुछ लोग काफी मात्रा में कैश लेकर जा रहे हैं.

सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने बगोदर के औरा में बस की जांच की. इस दौरान पुलिस वे तीन लोगों को बड़ी रकम के साथ पकड़ा. इनमें से दो लोगों के पास से 67 लाख और एक के पास करीब 42.5 लाख रुपये यानी कुल 1.09 करोड़ बरामद किए गए. तीनों लोगों से बरामद पैसे के संबंध में पूछताछ की जा रही है. इस संबंध में एसपी ने कहा कि पैसे कहां से उठाए गए थे और कहां ले जाने की तैयारी थी और इसमें कौन-कौन लोग शामिल हैं, इन सभी बिंदुओं पर जांच चल रही है. आयकर विभाग को भी इसकी सूचना दी जाएगी. उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है और 50 हजार रुपये से अधिक नगद ले जाने पर प्रतिबंध है.

## रांची के सबसे बड़े रिकॉर्ड रूम में चोरी !

बंद था सीसीटीवी, दोनों स्ट्रांग रूम के ताले खुले थे

**संवाददाता। रांची**

रांची के जिला अभिलेखागार (रिकॉर्ड रूम) में बुधवार की रात चोरी की वारदात हुई है. घटना की सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस और रांची के एडीएम लॉ एंड ऑर्डर और रिकॉर्ड रूम इंचार्ज ने रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण किया. इसके बाद रिकॉर्ड रूम इंचार्ज स्मृति कुमारी ने कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए लिखित सूचना दी है. प्राथमिकी में रिकॉर्ड रूम इंचार्ज ने बताया है कि गुरुवार को ऑफिस के कर्मचारी जब कार्यालय खोलने पहुंचे, तो मेन दरवाजे का ताला बंद था, लेकिन ऑफिस के अंदर के सभी कमरों का ताला खुला हुआ था. रिकॉर्ड रूम के दोनों स्ट्रांग रूम भी खुले हुए थे, जिसमें कई महत्वपूर्ण लैंड रिकॉर्ड रखे हुए थे. प्राथमिकी के लिए दिए गए आवेदन में इस बात की भी जानकारी दी गई है कि




**खास बात**

- चोरी की वारदात के बाद से चर्चाओं का बाजार गर्म

शॉट सर्किट से आग लगने के डर से रोज रिकॉर्ड रूम का सीसीटीवी भी बंद कर दिया जाता है. बता दें कि रांची में ईडी जमीन के दस्तावेज में हेरफेर कर भूमि कब्जा करने से जुड़े कई मामलों की जांच कर रही है. इन मामलों में कई बड़े लोगों के नाम भी सामने आ रहे हैं. ईडी की जांच के बीच रिकॉर्ड रूम में चोरी की वारदात के बाद से तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है.

**शैक्षिक पहल** कोलकाता की यात्रा पर 19 प्रखंडों के सरकारी स्कूल के छात्र

# बच्चों को कराया जा रहा एक्सपोजर ट्रिप

**संवाददाता। रांची**

शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों के छात्रों के लिए शैक्षिक एक्सपोजर ट्रिप पर जोर दे रहा है. राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों के लिए शैक्षिक पहल के तहत पांच दिवसीय एक्सपोजर ट्रिप की शुरुआत 30 मार्च को हुई थी. इस दौरान 100 छात्रों को कोलकाता की यात्रा करायी गयी. शैक्षिक



एक्सपोजर ट्रिप में 19 प्रखंडों के छात्र शामिल रहे. यात्रा के दौरान

- 30 मार्च से पांच दिवसीय यात्रा पर विविध शैक्षिक गतिविधियों से अवगत हो रहे हैं बच्चे

कोलकाता के विज्ञान केंद्र, इंडस्ट्रियल एरिया और शैक्षणिक संस्थानों के साथ ही साथ ऐतिहासिक स्थानों का दौरा करवाया. इस यात्कारा से छात्रों में काफी उत्साह था. उनका कहना था कि इस शैक्षिक यात्रा से उन्हें काफी कुछ सीखने और जानने को मिला. एक्सपोजर टूर का मकसद केवल छात्रों का ज्ञान बढ़ाना ही नहीं है, बल्कि क्रिएटिव स्किल, संस्कृति और परंपरा की जानकारी देना भी है. झारखंड का शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों के छात्रों के हर क्षेत्र में विकास के लिए काम कर रहा है. खान-पान, स्वास्थ्य, पढ़ाई, क्रिएटिविटी, कुछ अलग करने का माद्दा और सभ्यता- संस्कृति से अवगत कराने के लिए शैक्षिक यात्रा करायी जा रही है.

### डकैती कांड में फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**रांची/खूंटी।** डकैती के मामले में एक साल से अधिक समय से फरार चल रहे अभियुक्त को खूंटी पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है. अभियुक्त की पहचान खूंटी थाना क्षेत्र के लियाकत अली लेन निवासी अजीम हॉवरी के रूप में गई है. खूंटी एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर खूंटी थाना में जनवरी 2023 में दर्ज डकैती के मामले में फरार अभियुक्त को लियाकत अली लेन से पकड़ा गया. अजीम हॉवरी के खिलाफ रांची जिले के विभिन्न थानों में आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं.

## बकाया वेतन को लेकर पांच घंटे चली वार्ता विफल

राउरकेला से मिले 23 करोड़ से वेतन देने की मांग कर रहे एचईसी कर्मी

**संवाददाता। रांची**

एचईसी ऑफिसर्स एसोसिएशन और निगम के उच्च प्रबंधन के अधिकारियों के साथ दूसरे दिन भी बकाया वेतन सहित अन्य मुद्दों पर विस्तृत वार्ता की. क़रीब पांत घंटे तक चली. प्रबंधन के उच्चाधिकारियों ने आश्वासन दिया कि शुक्रावर को सीएमडी से बातचीत करने के बाद अधिकारियों को सूचना दी जाएगी. एचईसी मुख्यालय में हुई बैठक में एचईसी ऑफ़िसर्स एसोसिएशन के अधिकारी



और प्रबंधन की ओर से डायरेक्टर पर्सनल, डायरेक्टर फाइनेंस मौजूद थे. वहीं वार्ता के दौरान एक अधिकारी बेहोश हो गए.

अधिकारियों ने सामूहक रूप से निर्णय लिया कि जब तक राउरकेला से आये तक़रीबन 23.4 करोड़ पैसे से एचईसी के कर्मचारियों के बकाया वेतन का भुगतान नहीं किया जाएगा, तब तक सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपना कोई भी काम सुचारू रूप से नहीं चलने देंगे. जानकारी के अनुसार प्रबंधन राउरकेला के मिले 23 करोड़ रुपये से वेंडर्स के बकाया का भुगतान करने की बात कह रहा है, लेकिन कर्मचारियों और अधिकारियों के बकाया वेतन भुगतान के मुद्दे पर चुप्पी साध ले रहा है.

### मुखिया ने प्रभावित किसानों को वन विभाग से शीघ्र क्षतिपूर्ति दिलाने का दिया आश्वासन

# हाथियों का उत्पात, गन्ने की फसल को भारी नुकसान

संवाददाता। इटकी



प्रखंड के गढ़गांव चचगुरा में चार जंगली हाथियों के झुंड ने बुधवार रात को घंटों उत्पात मचाते हुए क्षेत्र में लगी गन्ने की खेती को भारी नुकसान पहुंचाया. जंगली हाथियों ने रात करीब नौ बजे जंगल से निकलकर गढ़गांव पावरग्रिड स्थित गन्ने के खेत में प्रवेश कर घंटों अपना आहार बनाया. करीब 11 बजे ग्रामीणों को जानकारी मिलने के बाद मशाल, बम, पटाखे लेकर ग्रामीणों ने जंगली हाथी को एनएच 23 रांची-गुमला सड़क के पार गढ़गांव जुमरा की ओर खदेड़ दिया. जंगली हाथियों ने संजय साहू के डेढ़ एकड़ खेत में लगी लाखों रुपये गन्ने की फसल और गेहूं की फसल को अपना आहार बनाया और पैरों से रौंद कर भारी नुकसान पहुंचाया. वहीं अजय साहू के खेत में लगी आलू और गन्ने की फसल को बर्बाद कर दिया. जंगली हाथियों ने विजय साहू के खेतों में लगी मिर्च, खीरा, टमाटर को भी भारी नुकसान पहुंचाया है. वहीं अमृत साहू की चहारदीवारी को दस जगहों पर तोड़ दिया है. ग्रामीणों के अनुसार करीब साढ़े चार बजे दो जंगली हाथी जंगल की ओर लौट गए हैं. दो जंगली हाथी अभी भी पॉवर ग्रिड स्थित गढ़गांव जुमरा पतरा में हैं. इधर गढ़गांव मुखिया रजनी उरांव ने किसानों को वन विभाग से शीघ्र क्षतिपूर्ति दिलाने का आश्वासन दिया है. युवा किसान संजय साहू ने बताया कि उसने बैंक ऑफ इंडिया से ऋण लेकर गन्ने की खेती की थी. एक साल से मेहनत कर गन्ने की फसल तैयार की थी. बुधवार की रात चार जंगली हाथियों ने गन्ने की खेती को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया. उसने वन विभाग से शीघ्र मुआवजा की मांग की है.

## स्वीप रांची की टीम कर रही लोगों को जागरूक



**रांची।** स्वीप रांची की टीम लोगों को लगातार मतदान और मतदान प्रक्रिया की जानकारी दे रही है. गुरुवार को टीम ने द मॉल ऑफ रांची में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया. लोगों से चुनाव से संबंधित सवाल पूछे गए. सही जवाब देने वाले लोगों को उपहार भी दिया गया. रेंडम इंटरैक्शन कर लोगों से सवाल पूछे, इस दौरान युवा वोटरों में उत्साह देखने को मिला. चुनाव प्रक्रिया की लोगों को सही जानकारी हो इसके इसके लिए मॉल में आने वाले लोगों को वोटर गाइड भी दिया गया.

# रामदास की आकांक्षाओं को पूर्ण करना समाज का दायित्व: संजय

संवाददाता। सिल्ली/मुरी

सिल्ली प्रखंड अंतर्गत गोड़ाडीह पंचायत के (खेरवेड़ा) में चल रहे दो दिवसीय स्व. रामदास घटवार स्मृति मेले का गुरुवार को समापन हुआ. मेले में मुख्य अतिथि के रूप में रांची लोकसभा क्षेत्र के सांसद संजय सेठ मौजूद रहे. उन्होंने कार्यक्रम संबोधित करते हुए कहा कि स्व. रामदास घटवार शिक्षाविद थे. समाज को आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने काफी मेहनत और संघर्ष किया. उनकी आकांक्षाओं को पूर्ण करना समाज का दायित्व है. इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी लोगों को बताया. दोपहर में गोराडीह के श्रीकांत महतो, वामनी बांसटोला से कजरू घटवार एवं ठुगरूडीह से पुसा बेदिया और उनके साथी के द्वारा भदुरिया झूमर प्रस्तुत किया गया. वहीं दोपहर 3 बजे के बाद लोटा जोभिया के प्राचार्य नरसिंह प्रजापति एवं उनके स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया. रात में घनीराम कालिंदी एवं उनके साथियों द्वारा छऊ नृत्य का भी आयोजन किया गया, जिसका ग्रामीणों ने लुफ्त उठाया. मौके पर मुरलीधर घटवार, सांसद प्रतिनिधि विनोद साहू, गुलाब सिंह, राजकुमार बेदिया, नकुल सिंह मुंडा, मोनू सिंह, सरोज बेदिया, देवेंद्र बेदिया, संजय मुंडा, बंशीधर घटवार समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे.

## ब्रीफ खबरें

### केंद्रीय महावीर मंडल का चुनाव सात अप्रैल को

**इटकी।** रामनवमी महोत्सव पर सात अप्रैल को यज्ञ समिति सह केंद्रीय महावीर मंडल का चुनाव होगा. 12 अप्रैल को छत्तीस में अखाड़ाधारियों को आमंत्रण पत्र देने के साथ ही 13 अप्रैल को ग्राम भ्रमण किया जाएगा. केंद्रीय महावीर मंडल की हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया. इधर स्थानीय जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में 9 अप्रैल से आयोजित नौ दिवसीय श्री राम चरित मानस पाठ महायज्ञ की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. महायज्ञ स्थल पर भगवान राम, लक्ष्मण, सीता व वीर हनुमान की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी. बैठक में अश्विनी नाथ शहदेव, अभय पांडेय, संजय कुमार, राजकुमार तिर्की, राजकुमार महतो, संजय सहारा इत्यादि उपस्थित रहे.

### लोस चुनाव को लेकर दिए दिशा-निर्देश

**इटकी।** प्रखंड सभागार में गुरुवार को आगामी लोकसभा चुनाव से संबंधित सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ अंचल अधिकारी की अध्यक्षता में विशेष बैठक की गई. बताया गया कि इस बार इटकी प्रखंड को 9 जोन में बाटा गया है. अंचल अधिकारी ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों से बिंदुवार चर्चा कर मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं सहित मतदान केंद्र का रूट चार्ट व संवेदनशील बूथ एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम से संबंधित हर एक बिंदु पर विस्तृत रूप से जानकारी दी. साथ ही सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को कई दिशा निर्देश दिए. मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी शशि नीलिमा डुंगडुंग, बीएसओ हेमंत एक्का इत्यादि उपस्थित थे.

### डीएवी पब्लिक स्कूल का नया सत्र शुरू

**पिपरवार।** वर्ष 2024 -25 नए सत्र के शुभारंभ को लेकर डीएवी पब्लिक स्कुल बचरा में गुरुवार को हवन यज्ञ का आयोजन किया गया. इसमें प्राचार्य आरबी प्रसाद मुख्य यजमान के रूप में शामिल हुए. हवन यज्ञ धर्म शिक्षक ओम प्रकाश यादव ने सम्पन कराया. इस दौरान एलकेजी व द्वितीय कक्षा के बच्चे सहित अभिभावक मौजूद रहे. प्राचार्य ने कहा कि विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को अनुशासित रहकर समर्पण की भावना से सभी छात्र-छात्राओं को शिक्षा प्रदान करना होगा. मौके पर एके घोष, आरआर दत्ता, केएन पांडेय, ओपी यादव, आभा खन्ना, सुदीप्ता डे, निरमा पाठक, अनीता सोनी, एस भट्टाचार्य, पीके मिश्रा, सौरभ सिंह, फिरोज आलम, सुरेश कुमार इत्यादि मौजूद थे .

### आज अदा की जाएगी अलविदा जुमे की नमाज

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार और खलारी कोयलांचल क्षेत्र में शुक्रवार को अलविदा जुमे की नमाज अदा की जाएगी. वैसे तो पवित्र रमजान महीने में सभी जुमे की नमाज का काफी महत्व होता है, लेकिन अलविदा जुमे का एक अलग ही महत्व है. अलविदा जुमे के दिन सभी लोग मस्जिद जाकर नमाज अदा करते हैं. कोयलांचल क्षेत्र के सभी मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज अदा करने को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है. भीषण गर्मी और कड़ी धूप को देखते हुए कई मस्जिदों के बाहर टेंट भी लगाया गया है. अलविदा जुमे की नमाज अदा करने में किसी भी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए अंजुमन के लोग इसकी तैयारी में लगे हुए हैं. कोयलांचल क्षेत्र के बचरा जामा मस्जिद, राय जामा मस्जिद, बहेरा, कल्याणपुर, न्यूमंगरदाहा, पुरानीराय इत्यादि मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज को लेकर भीड़ उमड़ने की संभावना है.

### जलमीनार की टंकी तीन साल से क्षतिग्रस्त, किसी ने नहीं ली सुध

# ककरिया बनिया टोली के लोग बूंद-बूंद पानी को तरसे

सुनील कुमार गुप्ता। लापुंग





पेयजल को लेकर ककरिया पंचायत के ककरिया बनिया टोली के ग्रामीणों में त्राहिमाम मची हुई है. लोग पानी को लेकर दूर दराज भटकने को मजबूर हैं. यहां के ग्रामीणों ने बताया कि ककरिया बनिया टोली में पिछले ती साल से जलमीनार की टंकी फटी हुई है. यहां के लोग इस बड़ी समस्या की ओर सांसद, विधायक और मुखिया तक को आकृष्ट करा चुके हैं. प्रियंका कुमारी ने बताया कि कई बार आवेदन भी दे चुके हैं. तीन साल गुजरने के बावजूद अभी तक न कोई विधायक, न कोई मुखिया, न कोई जिला परिषद सदस्य या स्थानीय सांसद द्वारा कोई पहल की गई है. स्थानीय समाजसेवी बिपिन कुमार जयसवाल ने बताया कि इसमें जो चापाकल था उसे भी निकालकर किसी दूसरे के घर में रखा गया है. लगातार तीन वर्षों से ग्रामीण यहां बूंद-बूंद पानी को लेकर तरस रहे. गांव की ज्योति कुमारी ने कहा कि पीने का पानी हर किसी को चाहिए. इसलिए मजबूरी में यहां के ग्रामीण आधा किलोमीटर या उससे भी दूर जाकर दूसरे मोहल्ले से पानी लाकर पीने को मजबूर हैं. तीन साल से यहां पर पानी की समस्या ने विकराल रूप ले लिया है. बहुत दिक्कत हो रही है. लोग दूर-दूर से पानी लेकर लेकर आ रहे हैं. परासो देवी ने कहा कि बार-बार आवेदन देने और गुहार लगाने के बावजूद मुखिया सहित जनप्रतिनिधियों का दिल तक नहीं पसीज रहा है. इस वर्ष गर्मी भीषण पड़ने वाली है.

अभी से ही तापमान बढ़ने लगा है. ककरिया बनिया टोली के दिलमोहन जयसवाल, वरुण दास, कृष्ण मोहन जायसवाल, रेणु देवी, सीताराम पाठक, रतन नायक, करुण दास, प्रवीण दास, नेहा कुमारी, संजय गुप्ता, जतन नायक, सतानंद नायक, सचिन दास, संतोष कुमार सहित अन्य लोगों ने कहा कि जनप्रतिनिधि फिलहाल अबुआ आवास में कमीशन पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं. देखना होगा कि जनप्रतिनिधि अब आचार संहिता का बहाना बनाएंगे या फिर जल मीनार में नई पानी टंकी लगेगी.

**खास बातें**
- सांसद हो या विधायक हो, किसी का दिल नहीं पसीजा
- दूर दराज के दूसरे मोहल्ले से पानी लाने को मजबूर लोग

### लापुंग की नई प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने बैठक कर दिए निर्देश

# मतदान केंद्रों पर हों न्यूनतम सुविधाएं

संवाददाता। लापुंग



प्रखंड संसाधन केंद्र में की नई प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शांति मुनी तिर्की ने गुरुवार को योगदान देने के बाद प्रखंड के सभी बीआरपी-सीआरपी के साथ बैठक की. तिर्की ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर सभी बूथों पर आवश्यक सुविधाओं का ध्यान रखें. समय से पूर्व शौचालय, पेयजल, बिजली जैसी न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें. प्रत्येक बूथों में पंखा की व्यवस्था जरूर होनी चाहिए. उन्होंने बताया कि प्रखंड स्तर से कई बूथों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है. उन्होंने सूचना के अधिकार के तहत सहायक अध्यापकों के संदर्भ में मांगी गई जानकारी की जांच कर आवश्यक कदम उठाने की बात कही. मौके पर बीपीओ लीलावती तिर्की, बीआरपी रेशम शाहदेव, सीआरपी सुनील गुप्ता, चंद्र मोहन ठाकुर, मनोज साहु, मंटु साहु, अजीत सिंह, लालकेश्वर यादव, लाल मिथिलेश सिंह, लेखापाल दीपक कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर कैलाश पाढी मौजूद थे.

### झामुमो की राहे प्रखंड कमेटी के अध्यक्ष बनाए गए संदीप अहीर

**राहे।** झामुमो के जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम के निर्देशानुसार प्रखंड कमेटी के पुनर्गठन किया गया. नयी कमेटी में अध्यक्ष संदीप अहीर, उपाध्यक्ष रामेश्वर मुंडा, मोतीलाल महतो, उपेन्द्र उरांव, सचिव सोनाराम मुंडा, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण मुंडा, उप कोषाध्यक्ष परेश मुंडा, संयुक्त सचिव जर्नादन अहीर, कार्यकारिणी सदस्य मनीजर लोहरा, बिशंभर उरांव, हीरालाल पातर, रामसिंह मुंडा को चयनित किया गया. नयी कमेटी को संगठन विस्तार का जिम्मा दिया गया है.

# गांव में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए किया कमेटी का गठन

संवाददाता। राहे

प्रखंड के बेला गांव में गुरुवार को प्रबुद्ध लोगों और शिक्षाविदों की बैठक हुई, जिसमें गांव में शिक्षा को एक संस्थान के माध्यम से बढ़ावा देने के लिए कई बिंदुओं पर चर्चा की गई. गांव में स्थापित गुरु कुल शिक्षा संस्थान में बच्चों को मानवीय मूल्यों पर शिक्षा, संस्कार, नैतिक मूल्यों की शिक्षा कैसे हो इस पर विचार किया गया. वहीं गुरु कुल शिक्षण संस्थान के संचालन के लिये कमेटी का गठन हुआ, जिसमें निदेशक एवं सचिव प्रोफेसर धनंजय महतो मुख्य संरक्षक कामेश्वर महतो, प्रोफेसर उपेंद्र कुमार महतो, प्रोफेसर नारायण महतो, जयदेव महतो, संरक्षक, देवेंद्र नाथ महतो, दिनेश कुमार महतो भुवनेश्वर महतो, अध्यक्ष गणेशचंद्र महतो, कोषाध्यक्ष नरेशचंद्र महतो, संचालन समिति - पंचानन महतो, मृत्युंजय महतो, कलेश्वर महतो, लहरू महतो, लवघन महतो, गणेशराम महतो, पुरदर महतो, फलिंद्रनाथ महतो, अजीत मुंडा अजय मुंडा, राधा गोविंद महतो राजेश्वर महतो, मोहन महतो योगेन्द्र महतो को बनाया गया.

# जयडीहा पंचायत में 12 को होगा सरहुल व 17 को रामनवमी मेला



संवाददाता। ओरमांझी

प्रखंड क्षेत्र की जयडीहा पंचायत के खेल मैदान बरतुआ में गुरुवार को पूर्व मखिया विनोद बेदिया की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 12 अप्रैल शुक्रवार को सरहुल मिलन समारोह मेला एवं 17 अप्रैल को रामनवमी मेला का आयोजन किया जाएगा. बैठक में निर्णय लिया गया कि सरहुल जतरा में झांकी के साथ पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होने वाली गावों की मंडलियों को आयोजन कमेटी की ओर से पुरस्कृत किया जायेगा. जतरा को आकर्षक बनाने के लिए जयडीहा, गणेशपुर, बरतुआ, गुरगाई, कुरूम, साहेर, मनातू, पूंदाग, पिस्का और डुंडे सहित पूरे ओरमांझी प्रखंड को आमंत्रित किया जायेगा. सफल आयोजन के लिए नयी कमेटी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष पूर्व मुखिया विनोद बेदिया, सचिव पंचायत समिति सदस्य प्रवेश भोगता, उपाध्यक्ष अजय करमाली व मोहित करमाली, सह सचिव बुद्धेश्वर बेदिया, कोषाध्यक्ष पूर्व मुखिया प्रतिनिधि, नीलाम्बर खरवार, उपमुखिया उप कोषाध्यक्ष रामराज महतो, सूचना प्रभारी परमेश्वर गंझु, मुख्य संरक्षक ग्राम प्रधान शंकर करमाली, घनेनाथ करमाली ग्राम प्रधान जयडीहा, कमलेश्वर मुंडा ग्राम प्रधान साहेर, सिताराम मुंडा ग्राम प्रधान गुरगाई, कुलेश्वर करमाली, बिनोद कुमार महतो, वार्ड सदस्य जयडीहा जगरनाथ बेदिया वार्ड सदस्य जयडीह, रिंकी देवी वार्ड सदस्य साहेर, यमुना देवी वार्ड सदस्य बरतुआ, संजू देवी वार्ड सदस्य गणेशपुर, विशुन बेदिया, बसंत बेदिया दिलीप महतो इत्यादि को बनाया।

### शहीद दिलीप बेदिया का बलिदान भुलाया नहीं जा सकता : रामानंद

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड में अकादमी की ओर से 31 मार्च को आयोजित मैराथन दौड़ तथा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया था. प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को गुरुवार को शहीद दिलीप बेदिया के शहादत दिवस पर मुख्य अतिथि झामुमो के रांची जिला उपाध्यक्ष रामानंद वेदिया ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया. कार्यक्रम से पूर्व उन्होंने शहीद दिलीप बेदिया की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया. तत्पश्चाप उन्होंने दिलीप बेदिया के जीवनी पर भी प्रकाश डाला. सभा की अध्यक्षता लखीचरण मुंडा ने की. मुख्य अतिथि ने कहा कि शहीद दिलीप बेदिया ने अपने समाज को आगे बढ़ाने के लिए काफी संघर्ष किया और देश की सेवा करते हुए शहीद हो गए. उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता. उनके सपनों को साकार करना हम लोगों का दायित्व है. मौके पर मनोज भोक्ता, कीनुराम बेदिया, गुनेश्वर बेदिया, मुखिया हरिपदो माझी, उप मुखिया दिनेश बेदिया, पूर्व उप मुखिया लखीराम बेदिया, पंसस नीति देवी, ज्योति प्रसाद साहू, जयद्रथ बेदिया, नेहरू बेदिया, गुहीराम मांझी समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे.

### दलालों ने चामा गांव में जमीन रैयतों के साथ की मारपीट

# थाना प्रभारी से लगाई जमीन व जान-माल की सुरक्षा की गुहार

संवाददाता। कांके



थाना क्षेत्र के चामा गांव के चामा चौरा स्थित जमीन पर गुरुवार सुबह 8 बजे जमीन रैयतों के साथ जमीन दलाल कमलेश कुमार और उनके साथियों ने जमकर मारपीट की. मारपीट से ग्राम बुकरू कांके निवासी 42 वर्षीय संजय साहू और 33 वर्षीय विफल टोप्पो घायल हो गए. संजय साहू को सिर, गर्दन, पीठ और पैर में चोटें आई हैं, जबकि विफल टोप्पो को दाएं जांघ पर चोट लगी है. इन दोनों को हमलावरों ने लाठी और रॉड से मारकर घायल कर दिया था. इनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांके में हुआ.

वहीं प्रवेश साहू को बोलेरो वाहन में बैठाकर ले जाने का प्रयास किया गया. इन लोगों के साथ गए रवि उरांव के ओप्पो मोबाइल भी छीनकर हमलावर लेते गए. संजय साहू ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर जब गांव वाले जुटने लगे तो हमलावर बोलेरो वाहन पर बैठकर फरार हो गए. इस संबंध में कांके थाने में संजय साहू ने प्राथमिकी दर्ज करने हेतु आवेदन दिया है. आवेदन में कहा है कि चामा गांव स्थित हम लोगों की खाता 89 और खाता संख्या 46 में हम लोगों की लगभग डेढ़ एकड़ जमीन है.

इस पर जमीन दलाल कमलेश कुमार कांके अंचल कार्यालय की मदद से फर्जी कागजात बनाकर हम लोगों की पुश्तैनी जमीन को बलपूर्वक कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे. सूचना मिलने पर गुरुवार को हम लोग सुबह 8 बजे पहुंचे तो वहां कार्य कर रहे कमलेश कुमार और उनके साथ आए तीन से चार लड़कों ने हम लोगों पर अचानक हमला बोल दिया. मारपीट से हम लोग घायल हो गए. कमलेश कुमार चामा मौजा के कई खाता और प्लाट की जमीन पर फर्जी कागजात के सहारे अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहा है. इन जमीनों पर जमीन कब्जा करने वाले महिला और पुरुष गैंग (दल) जिनकी संख्या 40 से 50 रहती है. हरवे हथियार के साथ लगातार चहारदीवारी और नींव खुदाई का कार्य कर रहा है. मारपीट के पीड़ितों ने जमीन और जान-माल की सुरक्षा की गुहार थाना प्रभारी से लगाई है.

**खास बातें**
- मारपीट की घटना में दो लोग गंभीर रूप से हुए घायल
- हमलावरों ने लाठी और रॉड से मारकर घायल कर दिया
- दोनों पीड़ितों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुआ इलाज

### डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाई गई राष्ट्रकवि मैथिलीशरण की जयंती

**पिपरवार।** डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में गुरुवार को राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जयंती मनाई गई. इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. इसका शुभारंभ प्राचार्य आरबी प्रसाद और शिक्षकों ने किया.

इस दौरान नवम बी की छात्रा विद्या राज ने राष्ट्रकवि के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला. कक्षा अष्टम की छात्रा सोनिका कुमारी ने मैथिलीशरण गुप्त रचित कविता पुष्प की अभिलाषा का वाचन किया. प्राचार्य ने कहा कि मैथिली शरण गुप्त को राष्ट्रकवि की उपाधि महात्मा गांधी ने दी थी. हिंदी के प्रसिद्ध कवि के साथ हिंदी के इतिहास में वे खड़ी बोली के प्रथम महत्वपूर्ण कवि थे. उनकी कृति भारत भारती भारत के स्वतंत्रता संग्राम के समय काफी प्रभावशाली सिद्ध हुई थी और इसी कारण महात्मा गांधी ने उन्हें राष्ट्रकवि की पदवी दी थी. कार्यक्रम को अन्य शिक्षकों ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के शिक्षक एके घोष, आरआर दत्ता, केएन पांडेय,ओपी यादव, आभा खन्ना, सुदीप्त डे, निरमा पाठक, अनीता सोनी, एस भट्टाचार्य, पीके मिश्रा, सौरभ सिंह, फिरोज आलम, सुरेश कुमार आदि उपस्थित थे.

**कार्यक्रम** डाड़ी में सरना झंडागड़ी का किया गया आयोजन, नया सरना स्थल बना

# भव्य सरहुल जुलूस में मांदर की थाप पर थिरके युवा

संवाददाता। लापुंग



प्रखंड के कारूम एवं अकमरोमा में भव्य सरहुल जुलूस का आयोजन किया गया. अकमरोमा गांव के सरना स्थल से सरहुल पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष सुनील मुंडा की देखरेख में भव्य शोभायात्रा निकाली गई. इसमें सैकड़ों की संख्या में सरना धर्मावलंबियों ने हिस्सा लिया. कार्यक्रम में पड़हा के संरक्षक और पड़हा सरकार जागरे उरांव ने भी बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया. इस दौरान मांदर की थाप पर युवक-युवतियों के पांव थिरक उठे. पाहन जगे मुंडा, पनु मुंडा, पुजार विपिन मुंडा, सरहुल आयोजन समिति के अध्यक्ष सुनील मुंडा, उपाध्यक्ष विनोद मुंडा, सचिव मनोहर मुंडा, देमा मुंडा, जमुना कुमारी मुंडा, सरिता मुंडा, अनिमा तिर्की, रंथु मुंडा, इमानुएल होरो, कारुम के जोलेन होरो, शनिका मुंडा, दशरथ मुंडा, महतो मुंडा, सुखलाल मुंडा, शीतल मुंडा मुखिया सुमिला मिंज, महादेव उरांव सहित कई लोगों ने इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. वहीं डाड़ी गांव के पाहन टोली में बगीचा के निकट पहली बार सरना झंडा गड़ी का आयोजन किया गया. इस मौके पर ग्रामीणों ने नए सरना स्थल के लिए जमीन दी. पड़हा सरकार जागरे उरांव की देखरेख में झंडा गड़ी कार्यक्रम का आयोजन किया गया. सैकड़ों सरना आदिवासियों ने खासकर महिलाओं ने सरना मां की विधिवत पूजा अर्चना की. इस दौरान मांदर की थाप पर लोग झूम उठे. जागरे उरांव ने कहा कि सरना धर्म और समाज की रक्षा जरूरी है. जब तक हम लोग एकजुट नहीं होंगे तब तक हम लोग रुकेंगे भी नहीं. वहीं कार्यक्रम का संचालन झिकी के संजय उरांव ने किया. मौके पर पाहन विजय मुंडा, गंझू मुंडा,विपिन मुंडा, समाजसेवी जौरा उरांव, पईनभरा संजू समु उरांव, सुकरा उरांव लखो उरांव इत्यादि मौजूद रहे.

**खास बातें**
- सैकड़ों की संख्या में सरना धर्मावलंबियों ने लिया हिस्सा
- डाड़ी में आदिवासियों ने की सरना मां की विधिवत पूजा

# आरटीसी इंस्टीट्यूट आनंदी के प्राचार्य ने पदभार ग्रहण किया

संवाददाता। ओरमांझी

आरटीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी आनंदी के नये प्राचार्य डॉ एन.हरी बाबू ने कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. एकबाल रशीद से गुरुवार को पदभार ग्रहण किया. डॉ रशीद ने कहा कि नवनियुक्त प्राचार्य के दिशा निर्देश में कॉलेज के विकास में एक नया आयाम स्थापित होगा. व्यावसायिक व रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रमों पर जोर देकर छात्र-छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने का सार्थक प्रयास किया जाएगा. मौके पर निदेशक एपी सिंह, प्रबंध निदेशक सुमीत राज इत्यादि उपस्थित थे. ज्ञात हो कि डॉ. एन हरि बाबू ने आंध्र विश्वविद्यालय से बीटेक, एमटेक व पीएचडी पूरी की है. उनके पास शैक्षणिक, प्रशासन में 25 वर्षों से अधिक का अनुभव है.

### डॉ. बाबू के 30 से अधिक शोध पत्र हुए हैं प्रकाशित

डॉ. बाबू ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में एससीआई/स्कूप्स में 30 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए हैं. साथ ही भारत और विदेशों में विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भी भाग लिया है. वह इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स और आईएसटीई के आजीवन सदस्य हैं. वह विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं और सम्मेलनों के सलाहकार बोर्ड में भी हैं. उन्होंने संकाय और छात्रों के लिए कई संकाय विकास कार्यक्रम आयोजित किए हैं. उन्होंने एआईसीटीई द्वारा वित्त पोषित कई परियोजनाएं पूरी की हैं. उन्होंने एनबीए मूल्यांकन कर्ता प्रमाणपत्र प्राप्त किया है.

# नगर कीर्तन यात्रा के साथ 26 अप्रैल से प्रारंभ होगा गुरमत समागम

संवाददाता। रांची



गुरुनानक सेवक जत्था के गुरमत समागम की शुरुआत 26 अप्रैल को भव्य नगर कीर्तन यात्रा से होगी. गुरुद्वारा साहिब, रातू रोड के दर्शन दिउड़ी गेट से सुबह पांच बजे यात्रा निकाली जायेगी. पुष्प सवारी पर श्रीगुरु ग्रंथ साहिब जी को विराजमान कर धर्मावलंबी कृष्णा नगर कॉलोनी का भ्रमण करेंगे. अगुवाइ करते पंच प्यारे और निशानची संग बड़ी संख्या में धर्मावलंबी शबद गायन कर रास्ते भर भक्ति रस की वर्षा करेंगे. मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि श्रीगुरु नानक सत्संग सभा के रातू रोड गुरुद्वारा साहिब में शनिवार को रात आठ बजे से दीवान सजाया जायेगा. दूसरे प्रातःकालीन दीवान की शुरुआत 28 अप्रैल को दिन के 11 बजे से होगी. इसमें शिरकत करने के लिए सिख पंथ के कीर्तनी जत्था भाई नवप्रीत सिंह और बीबी तरनप्रीत कौर जालंधर वाले खास तौर से पधार रहे हैं. उन्होंने बताया कि दोनों दीवानों की समाप्ति के बाद गुरु का अटूट लंगर भी चलाया जाएगा. नरेश ने बताया कि मौके पर दिन के 11 से शाम चार बजे तक रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा. सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने श्रद्धालुओं से समागम और रक्तदान शिविर में भाग लेने की अपील की है.

**खास बातें**

- रातू रोड गुरुद्वारा साहिब में सजाया जाएगा दीवान
- जालंधर से आएगा सिख पंथ का कीर्तनी जत्था

श्रीगुरुनानक सत्संग सभा के गुरुद्वारा साहिब में गुरुवार को गुरमत समागम की तैयारी को लेकर बैठक हुई. इसकी अध्यक्षता गुरुनानक सेवक जत्था के सूरज झंडई कर रहे थे. बैठक में तैयारियों का जायजा लिया गया. साथ ही यात्रा और समागम के सफल आयोजन को लेकर रूपरेखा तय की गयी. नरेश पपनेजा ने बताया कि पुरुष सफेद कुर्ता पजामा और महिला सफेद सलवार सूट और केसरी दुपट्टा पहनकर यात्रा में शामिल होंगी. उन्होंने बताया कि पांच मई को जत्था की ओर से शुकराना समागम का भी आयोजन किया जा रहा है. इस मौके पर दिन के साढ़े तीन से शाम छह बजे तक दीवान सजाया जायेगा.

बैठक में सूरज झंडई, करण अरोड़ा, जीत सिंह, रौनक ग्रोवर, रौनीत मुंजाल,विनय खत्री,जयंत मुंजाल, कशिश नागपाल,अमन सचदेवा, पीयूष थरेजा, ऋषभ शर्मा, आयुष पपनेजा,सतविंदर सिंह,वंश डावरा, गीतांशु तेहरी, यश बेदी, राकेश घई, कनिष्क गाबा, विशेष काठपाल, चंचल ग्रोवर, इनिश काठपाल, राजा सिंह, कवलजीत सिंह ,नमन गाबा, यश घई, यश आनंद, संदीप पपनेजा, साहिल सरदाना, हर्ष थरेजा, छोटू सिंह, कुणाल अरोड़ा, आकाश थरेजा, रौनक सिंह,हर्ष अरोड़ा, गीतांशु काठपाल, वरुण गेरा, गीतांशु गांधी, तुषार मुंजाल, पीयूष तलेजा,विनी अरोड़ा आदि मौजूद थे.

# बाजार में लोगों को आकर्षित कर रहे मिट्टी के फैन्सी बर्तन



संवाददाता। रांची

चिलचिलाती धूप से घर आने के बाद पीने को अगर ठंडा पानी मिल जाए तो गला तृप्त हो जाता है. वहीं पानी अगर मिट्टी के पात्र जैसे घड़ा सुराही में ठंडा किया हुआ मिले तो इंसान आनंद के चरम पर पहुंच जाता है. राजधानी रांची में इन दिनों फैन्सी मिट्टी के पात्र लेने की लोगों में डिमांड बढ़ रही है. प्लास्टिक की बोतल व थर्मस से अधिक तरजीह लोग मिट्टी के फैन्सी बोतल व थर्मस को दे रहे हैं. बाजार में एक लीटर की बोतल 100 रुपये जबकि डेढ़ लीटर की बोतल की कीमत 150 रुपये है. इन बोतलों को प्लास्टिक बोतलों के विकल्प के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है.

**फैन्सी मिट्टी के पात्र व मूल्य**

| पात्र | क्षमता (लीटर) | मूल्य रेंज (रु) |
|---|---|---|
| बोतल | 1 से 1.5 | 100 - 150 |
| घड़ा | 10 से 30 | 150 - 400 |
| सुराही | 10 से 20 | 180 - 450 |
| टंकी | 12 से 22 | 350 - 550 |
| जग | 1.25 से 1.5 | 100 – 150 |
| थर्मस | 1.5 से 3 | 200 - 400 |

**फैन्सी उत्पाद बना आकर्षण :** बोतल के अलावा मिट्टी के जग, घड़ा, सुराही और मिट्टी की पानी टंकी के कई फैन्सी उत्पाद लोगों को आकर्षित कर रहे हैं. 12 लीटर पानी टंकी का मूल्य 350 रुपये जबकि 22 लीटर की कीमत 550 रुपये है. वहीं घड़ा और सुराही की कीमत 150 रुपये से लेकर 400 रुपये तक है.

## एसआर डीएवी पुंदाग में नए सत्र का शुभारंभ

**रांची।** एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल, पुंदाग में वैदिक महाहवन के साथ नए सत्र का शुभारंभ किया गया. नए सत्र के पहले दिन सभी कक्षा के विद्यार्थियों के पदार्पण से विद्यालय एक बार फिर से गुलजार नजर आया. इस अवसर पर बच्चों के स्वागत के लिए विद्यालय प्रांगण में विशेष सजावट की गई. विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्र ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उनके और उनके परिवार के स्वस्थ, सुखमय तथा सफल जीवन की कामना की. उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन का महत्त्व बताते हुए खुद से पढ़ाई करने पर विशेष महत्व दिया, साथ ही विद्यालय के नियमों का पालन करने का निर्देश दिया.

## सोशल डेवलपमेंट कमेटी हॉल में शुरू होगी पहली शादी क्लास

# शादी से पूर्व वैवाहिक जीवन की शिक्षा प्राप्त करेंगे 65 जोड़े

जयंती कच्छप। रांची



रांची के पुरुलिया रोड स्थित एसडीसी (सोशल डेवलपमेंट कमिटी) हॉल में बुधवार के दिन 10 अप्रैल से रोमन कैथोलिक कलीसिया के 65 जोड़ों के लिए शादी क्लास प्रारंभ होगी, जिसमें 65 जोड़ों को वैवाहिक जीवन की शिक्षा दी जाएगी. शादी धर्मक्लास पांच दिवसीय होती है. इस शादी क्लास के मुख्य संचालक फादर फिलिप मिंज होंगे. ईस्टर के बाद पहली शादी क्लास में कुल 65 जोड़ों को ख्रीस्त धर्म की मूलभूत बातें बताई जाएंगी. जिनमें ईश्वर पर विश्वास, पार्थना, बाइबल के संस्कार और ईश्वर की दस आज्ञाएं, कलीसिया के सभी नियमों का दृढ़ता से पालन करना है. शादी क्लास में विवाहित जीवन की विशेषता, गंभीरता और पवित्र शादी को सही तरीके से जीने की शिक्षा दी जाती है. कलीसिया में शादी से पहले वचन देने और शादी की तीन पुकार की जाती है. शादी क्लास के बाद सभी जोड़ों को सर्टिफिकेट दिया जाता है.

**अगली शादी क्लास के रजिस्ट्रेशन की तिथि का भी हुआ निर्धारण**

आगामी सितम्बर, नवम्बर , दिसम्बर महीने की शादी क्लास के रजिस्ट्रेशन की तिथि भी निर्धारित कर दी गई हैं. रजिस्ट्रेशन के लिए दोनों युवक युवतियों को आना और संपूर्ण कार्यक्रम में भागीदारी जरूरी होती हैं. सभी प्रतिभागियों के लिए अपने पल्ली पुरोहित से सिफारिश चिट्ठी या अनुमति चिट्ठी लेकर आना अनिवार्य होता है. पांच दिनों की इस शादी धर्मक्लास के लिए प्रति व्यक्ति का खर्च 1500 होती हैं, जिसमें दोपहर का भोजन और चाय की व्यवस्था की जाती है.

| महीना | तिथि | रजिस्ट्रेशन तिथि |
|---|---|---|
| सितम्बर | 11 से 15 सितम्बर 2024 | 12 अगस्त से शुरू |
| नवम्बर | 6 से 10 नवम्बर 2024 | 14 अक्टूबर से शुरू |
| दिसम्बर | 04 से 08 दिसम्बर 2024 | 11 नवम्बर से शुरू |
| दिसम्बर | 11 से 15 दिसम्बर 2024 | 18 नबम्बर से शुरू |

**सिखाई जानेवाली तीन विशेष बातें**

1. पहली शिक्षा फादर फिलिप मिंज के द्वारा ख्रीस्त अध्यात्मिकता के साथ विवाहित जीवन कैसे जीना हैं एवं परिवार के महत्व को समझ कर सुंदर और खूबसूरत ख्रीस्त परिवार कैसे बनाना है.
2. शादी क्लास में आए जोड़ो को दूसरी महत्वपूर्ण जानकारी सुनिल दत्त खेस और उनकी पत्नी श्वेता खेस द्वारा विवाहित जीवन के संघर्ष एवं चुनौतियों के संबंध में देंगे तथा संघर्ष के समय एक दूसरे को कैसे साथ देना है, यह समझाएंगे.
3. तीसरी यह कि मानव की शारीरिक संरचनाओं एवं स्वास्थ्य से जुड़ी सभी जानकारियां डॉ. देवेश खेस और डॉ. दीप्ति खेस देंगे, जिनमें शारीरिक बदलाव, गर्भाधारण के समय के बदलाव एवं अन्य कई बातें शामिल होंगी.

# झारखंड की बेटी को फिलीपींस में मिला ऑनररी क्वीन -2024 का सम्मान





संवाददाता। रांची

झारखंड की बेटी एंजेल मरीना तिर्की को फिलीपींस में ऑनरेरी क्वीन 2024 से सम्मानित किया गया. फिलीपींस में आयोजित क्वीन ऑफ इंटरनेशनल टूरिज्म -2024 के लिए एंजेल भारत से अंतरराष्ट्रीय जूरी पैनल के रूप में शामिल हुई. विदित हो कि पिछले साल एंजेल इस टाइटल की विजेता भी रही थी.

इस आयोजन में उन्हें अलकेन्टारा फिलीपींस की मेयर रिजा पामोराडा से मिलने का अवसर मिला. झारखंड अपनी जन्मभूमि से एंजेल को गहरा लगाव है. एंजेल का गृह नगर रांची है और उनके पिता एक सेवानिवृत्त सैनिक हैं. मां गृहिणी हैं. एंजेल सात साल से राज्य के लिए काम कर रही हैं और सात बार राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता की राज्य विजेता और तीन बार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता विजेता रही हैं. जी-20 कार्यक्रम में भी एंजेल की भागीदारी थी. जी-20 के लिए मास्टर ऑफ को-ऑर्डिनेटर के रूप में भी कार्य किया. साथ ही हॉकी महिला टीम के लिए मास्टर ऑफ कोऑर्डिनेटर के रूप में भी कार्य कर चुकी है. एंजेल का उद्देश्य सभी महिलाओं और लड़कियों को घर के चहारदीवारी से बाहर लाना है व महिला सशक्तिकरण पर बल देना है. साथ ही हमारे राज्य की सभी प्रतिभाओं को प्रेरित करना है .

## टाटीसिलवे में जीवनदान संस्था के शिविर में 28 लोगों ने किया रक्तदान

**रांची।** टाटीसिलवे के ईईएफ मैदान के समीप आदित्या इंटरप्राइजेज में जीवनदान संस्था और लायंस क्लब ऑफ रांची लाइफ द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर में 28 लोगों ने रक्तदान किया. रक्तदान करने वालों में 11 लोग फस्ट टाइम डोनर थे. जबकि हिमोग्लोबिन कम होने के कारण 7 इच्छुक लोग ब्लड डोनेट नहीं कर सके. शिविर में जीवनदान संस्था के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. अभिषेक रंजन ने लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया. उन्होंने बताया कि रक्तदान न केवल रोगियों की बचाव में महत्वपूर्ण है, बल्कि यह रक्त देने वाले के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है. संस्था ने लोगों से रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि ब्लड बैंकों में खून की भारी किल्लत हो गई है. राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स के ब्लड बैंक में भी 40 से 50 यूनिट ही खून उपलब्ध है. इस शिविर में मुख्य रूप से लायंस क्लब ऑफ रांची लाइफ के विकास पुष्पराज, अनुपम मिश्रा, आनंद कुमार साहू, संतोष साहू, आनंद कुमार साहू, सत्यम पाठक, लक्ष्मीकांत मिश्रा समेत अन्य उपस्थित थे.

# श्याम भक्त सुरेशचंद्र पोद्दार के निधन पर जताया शोक

संवाददाता। रांची




झारखंड टिंबर ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष और श्रीश्याम भक्त सुरेशचंद्र पोद्दार के आकस्मिक निधन पर कई धार्मिक, सामाजिक और व्यावसायिक संगठनों के पदाधिकारियों ने शोक जताया है. एसोसिएशन के सचिव छगन लाल पटेल ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की.ऐसोसिएशन के लालपुर कार्यालय में स्व. पोद्दार की शव यात्रा को विश्राम देकर संघ के सदस्यों ने श्रद्धासुमन अर्पित किया. रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन, अग्रवाल सभा और श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए इसे अपूरणीय क्षति बताया. सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की.

रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया, मंत्री मनोज चौधरी, भागचंद पोद्दार, सुरेश चंद्र अग्रवाल, अशोक नारसरिया, पवन शर्मा, प्रमोद अग्रवाल, पवन पोद्दार, कमल केडिया, अनिल अग्रवाल, कौशल राजगढ़िया, राजेंद्र केडिया, सज्जन पाड़िया, कमल जैन, रतन मोर, गोपाल मुरारका, मनोज खेतान, प्रमोद सारस्वत, मनोज बजाज, कमलेश संचेती, अंजय सरावगी, बबलू हारित, रमन वोडा, राजेश भरतिया, संतोष अग्रवाल, किशन साबू, नरेश बंका, आनंद जालान, कमल खेतावत, अशोक लाठ, किशन पोद्दार, अजय खेतान, रमाशंकर बगड़िया, किशन अग्रवाल, रतन सिंघानिया, अजय डीडवानिया, विजय खोवाल, निर्मल बुधिया, आनंद चौधरी, मनीष लोधा, सौरभ बजाज, विकास अग्रवाल, अमित चौधरी, राजेश ढांढनिया, शिव भावसिंहका, जितेश अग्रवाल, ललित पोद्दार, संजय सर्राफ आदि शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य हैं.

## न्यूज अपडेट

### गुरुनानक स्कूल में 'अभिभावक ओरिएंटेशन डे'



**रांची।** गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए विद्यालय के नियम एवं विनियम से परिचित कराने हेतु अभिभावकों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित हुआ. कार्यक्रम में अभिभावकों को बच्चों की प्रगति की मॉनिटरिंग प्रक्रिया से अवगत कराया गया. उन्हें कई दिलचस्प वीडियो और पावरपॉइंट प्रस्तुतियां दिखाई गईं, जिसमें बताया गया कि विद्यालय माता-पिता के साथ "3 सी" (संचार, सततता और रचनात्मकता) को ध्यान में रखता है, बच्चों को संलग्न करता है और उनकी शिक्षा को आकर्षक व मजेदार बनाकर विशेष रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित करता है. इस अवसर पर अभिभावकों के लिए क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया. ओरिएंटेशन कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्राचार्या डॉ. कैप्टन सुमित कौर, उप प्राचार्या सोनिया कौर और मुख्याध्यापिका हरप्रीत कौर उपस्थित थीं.

### डीएवी हेहल में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत



**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में नये शैक्षणिक सत्र 2024-25 की शुरुआत हवन, यज्ञ व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई. हवन में एलकेजी से बारहवीं कक्षा (कक्षा ग्यारहवीं को छोड़कर) के बच्चों और सभी शिक्षकों ने यज्ञाहुति प्रदान की. इस अवसर पर संगीत शिक्षक इंद्रजीत दत्ता के सांनिध्य में बच्चों के लिए स्वागत कार्यक्रम का आयोजन हुआ. प्राचार्य एसके मिश्रा ने नव नामांकित बच्चों और नई कक्षाओं के लिए उत्तीर्ण बच्चों पर पुष्प वर्षा कर व उन्हें तिलक लगाकर स्वागत किया. प्राचार्य एसके मिश्रा ने बच्चों के समुचित और सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षकों से प्रयासरत रहने की अपील की. उन्होंने बच्चों के साथ परिश्रम के फल और अनुशासन जैसे विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि डीएवी संस्था शिक्षा, चरित्र निर्माण व संस्कार का मंदिर है. मौके पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अरविंद कुमार अमरेश, एन के दुबे, पी एस दास, डी पी चांद, सुनील सिंह, बी कार्तिक, संजय मण्डल, ए के मिश्रा और अन्य शिक्षक उपस्थित रहे.

### नीरजा सहाय डीएवी में नया शैक्षणिक सत्र शुरू



**रांची।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र का आरंभ वैदिक हवन के साथ हुआ. पिछले सत्र में कक्षावार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को चॉकलेट एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर बेस्ट मॉनीटर, मोस्ट हेल्दी टिफिन इत्यादि पुरस्कार दे कर ना केवल शैक्षणिक बल्कि सह शैक्षणिक क्षेत्रों में भी बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने का प्रयास किया गया. प्राचार्या किरण यादव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि नया सत्र केवल नई पुस्तकों, नई कक्षा और नई पेंसिल-कॉपी ले कर नहीं आता, बल्कि नई चुनौतियां, नई ऊंचाइयां और उनको प्राप्त करने का नया जोश और उमंग लेकर आता है.

### कांके रोड में खुला टाइटेनियम का नया शोरूम




**रांची।** रांची के कांके रोड में रॉक गार्डन के पास टाइटेनियम एक्सक्लूसिव प्लस का शोरूम खुला. अब ग्राहक अपने पुराने वाहन को एक्सचेंज कर बेहतर कंडीशन वाले वाहन ले सकते हैं. वह भी आसानी से और सुरक्षित तरीके से. यहां ग्राहकों को फाइनेंस की सुविधा भी मिलती है. सभी ब्रांडों की अच्छी गुणवत्ता वाली कारें यहां उपलब्ध है. यहां से खरीदे गये वाहनों का नाम ट्रांसफर भी आसानी से करा दिया जाता है. टाइटेनियम एक्सक्लूसिव प्लस शोरूम में सभी कंपनी, मॉडल और वेरिएंट उपलब्ध है. यहां वाहनों की बुकिंग भी शुरू हो गयी है. सभी गाड़ियों में ऑफर और विशेष डिस्काउंट भी उपलब्ध है.

### बीआईटी मेसरा में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन प्रारंभ



**रांची।** बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) मेसरा के यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग में गुरुवार को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, थर्मो-फ्लूड्स और सिस्टम डिज़ाइन (आईसीटीएफएसडी) 2024 का शुभारंभ हुआ. इसका शुभारंभ संस्थान के कुलपति डॉ. इंद्रनील मन्ना और मुख्य अतिथि आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर डॉ. गौतम विश्वास ने किया. संस्थान के कुलपति ने बताया कि यह सम्मेलन छात्रों के वैज्ञानिक सोच को अंतरराष्ट्रीय पटल पर प्रदर्शित करने का काम करेगा. सम्मेलन के मुख्य अतिथि आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर डॉ. गौतम विश्वास ने कहा कि भारत में ऊर्जा और सिस्टम डिज़ाइन क्षेत्र में अपार संभावनाएं है. आईआईटी खड़गपुर के प्रोफेसर डॉ. प्रशांत कुमार दास ने बताया कि ऐसे सम्मेलन देश को इंजीनियरिंग के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने में बहुत सहायक है.

### पापमोचनी एकादशी का व्रत एवं अनुष्ठान आज

**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर बाला जी मंदिर में शुक्रवार को पापमोचनी एकादशी अनुष्ठान होगा. मंदिर के रंजन सिंह ने बताया कि अनुष्ठान के पूर्व संध्या पर गुरुवार को भगवान का श्रृंगार-पूजन कर अर्चको ने आरती उतारी. अनुष्ठान पूर्व की विधि संपन्न कराया. अब दूसरे दिन तड़के दैनिक पूजन-आरती के बाद प्रभु का महाभिषेक किया जायेगा. श्रृंगार-पूजन कर विशेष अनुष्ठान किए जायेंगे. उन्होंने बताया कि नेम-निष्ठा से व्रत को धारण करने वालों को पाप नहीं सताता. जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है. रंजन ने श्रद्धालुओं से इसमें भाग लेने की अपील की है.

**सरहुल की तैयारी** केंद्रीय सरना समिति ने लिया निर्णय, बंटेंगे एक लाख 80 हजार के पुरस्कार

# पुरस्कृत की जाएंगी सरहुल शोभायात्रा की तीन झांकियां

संवाददाता। रांची

केंद्रीय सरना समिति की ओर से सरहुल शोभायात्रा में तीन श्रेष्ठ झांकियों को पुरस्कृत किया जाएगा. यह जानकारी समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने दी. वे गुरुवार को न्यू गार्डेन सिरमटोली सरना स्थल पर आयोजित समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने बताया कि इस वर्ष केंद्रीय सरना समिति झांकियां लानेवाले खोड़हा मंडलियों के बीच एक लाख अस्सी हजार रुपये के पुरस्कार का वितरण करेगी. शोभायात्रा और झांकियों की तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं. उन्होंने बताया कि श्रेष्ठता में प्रथम स्थान पानेवाली झांकी को एक लाख, दूसरे स्थान पर आनेवाली झांकी को 50 हजार तथा तीसरे स्थान पर आनेवाली झांकी को 25 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा. वहीं सिरमटोली सरना स्थल पर सबसे पहले पहुंचनेवाली झांकी की खोड़हा मंडली को पांच हजार रुपये दे कर सम्मानित किया जाएगा. सरहुल का उपवास 10 अप्रैल को होगा, जबकि शोभायात्रा 11 अप्रैल को निकलेगी. 12 अप्रैल को गांवों में फूलखोंसी कार्यक्रम होगा. उन्होंने कहा कि लोगों को सारी सुविधाएं सरना भवन में दी जाएंगी. बैठक में सर्वसम्मति से कमिश्नर मुंडा को केंद्रीय सरना समिति की ग्रामीण इकाई का अध्यक्ष बनाया गया.



**सरना धर्मकोड व हंसदेव जंगल पर निकलेंगी झांकियां**

बैठक में बताया गया कि इसबार सरहुल शोभायात्रा में कई विषयों पर झांकियां निकाली जाएंगी, जिनमें प्रमुखत: सरना धर्म कोड और हंसदेव जंगल होगा. इसके पीछे तर्क दिया गया कि चौथी सबसे बड़ी जनसंख्या वाले आदिवासी समुदाय को धर्मकॉलम नहीं रहने से अन्य कॉलम में अपना धर्म कॉलम लिखना होता है. दूसरा छत्तीसगढ़ के हंसदेव जंगल में रहने वाले आदिवासी समुदायों को दरकिनार को जंगल को उजाड़ा गया. हंसदेव जंगल में कोयला खनन को लेकर हजारों पेड़ काटे गये और वहां रहनेवाले आदिवासियों को विस्थापित किया गया.

**सरहुल को लेकर क्या हैं प्रमुख मांगें**

- सरहुल पर्व में दो दिन का राजकीय अवकाश घोषित हो
- प्रत्येक चौक चौराहे पर सीसीटीवी कैमरा लगाया जाए, ताकि जुलूस में मनचले और छेड़खानी करने वाले लोगो से निबटा जा सके.
- स्वास्थ्य शिविर लगाया जाए
- दूर से आने वाले लोगों के लिए बस की सुविधा उपलब्ध करायी जाए
- नगर निगम द्वारा सरना स्थल की साफ सफाई हो
- सरहुल शोभायात्रा में लाइट की वैकल्पिक व्यवस्था किया जाए

## सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2024-2025 में योग्यता आधारित प्रश्नों पर होगा फोकस

# नई शिक्षा नीति : रटकर नहीं समझकर लिखेंगे बच्चे

संवाददाता। रांची



सत्र 2024 -25 में सीबीएसई बोर्ड के कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के प्रश्न पत्रों में 50% प्रश्न योग्यता आधारित , केस बेस्ड एवं सोर्स बेस्ड पूछे जाएंगे. जिसमें से 20% सेलेक्ट रिस्पांस प्रश्न यानी एमसीक्यू होंगे एवं 30% कंस्ट्रक्टेड रिस्पांस प्रश्न (यानी लघु उत्तरीय/दीर्घ उत्तरीय प्रश्न) होंगे. वहीं सत्र 2023 - 24 में कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के प्रश्न पत्रों में इन प्रश्नों की संख्या 40% थी. जिसमें 20% एमसीक्यू एवं 40% कंस्ट्रक्टेड रिस्पांस प्रश्न पूछे गए थे. सीबीएसई के सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ. राम सिंह ने बताया कि "नई शिक्षा नीति के अनुसार शैक्षिक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण किया जा रहा है जो विद्यार्थियों को रटकर याद करने से दूर करेगा एवं विद्यार्थियों में रचनात्मक एवं क्रिटिकल थिंकिंग को विकसित करेगा. उन्होंने बताया कि सत्र 2024-25 में कक्षा नवमी एवं दसवीं के प्रश्न पत्रों में कोई बदलाव नहीं किया जायेगा यानी सत्र 2023-24 के तरह इस सत्र में भी 50% कंपीटेंसी फोकस्ड, केस बेस्ड एवं सोर्स बेस्ड इंटीग्रेटेड क्वेश्चन होंगे.

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति का तेजी से क्रियान्वयन**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के तहत विद्यालयों में योग्यता आधारित शिक्षा (सीबीई) लागू करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं. इसके क्रियान्वयन की दिशा में स्कूलों में छात्रों के दक्षताओं का मूल्यांकन, शिक्षकों और छात्रों के लिए अनुकरणीय संसाधनों का विकास के साथ शिक्षकों की निरंतर क्षमता निर्माण बोर्ड का मुख्य उद्देश्य है.

